प्रादेशिक समाचार
06.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारतीय रेलवे का विकास महत्वपूर्ण, भारत रेलवे लाइनों के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब।

2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जारी की मंइयां सम्मान योजना की राशि, 56 लाख से ज्यादा महिलाओं के खाते में पहुंची ढाई–ढाई हजार रुपये।

3. नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को एक और सफलता, खूंटी से पुलिस ने पीएलएफआई के दो उग्रवादियों को हथियार के साथ किया गिरफ्तार।

4. राजस्व संग्रहण के मामले में धनबाद रेल मंडल ने एक बार फिर पूरे देश में पहला स्थान किया हासिल, माल ढुलाई में दूसरा स्थान।

5. रांची में आयोजित 68वीं एसजीएफआई में झारखंड ने बालकों की 400 मीटर दौड़ और बालिकाओं की लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जम्मू–कश्मीर, ओडिशा और तेलंगाना में कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारतीय रेलवे का विकास बहुत महत्वपूर्ण है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की बढ़ी हुई राशि ढाई हजार रुपये ट्रांसफर किये। इस सिलसिले में रांची के नामकोम स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में श्री सोरेन ने 56 लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में एक हजार चार सौ पन्द्रह करोड़ से ज्यादा की राशि जारी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के माध्यम से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना चाहती है।

इस मौके पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने महिला सशक्तीकरण के लिए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की पहल की सराहना की। उन्होंने प्रमुख विपक्षी दल भाजपा पर महिलाओं की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया।

********************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने वृद्धा और विधवा पेंशन बंद करने पर राज्य सरकार की आलोचना की है। गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में पार्टी के संगठन महापर्व को संबोधित करते हुए उन्होंने भ्रष्टाचार को लेकर भी सरकार को घेरा।

********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र से उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी विकास गोप और निमेश गोप के पास से हथियार और कारतूस समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

********************

उधर, झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज माओवादियों ने सुरक्षा बल के एक वाहन को विस्फोट कर उड़ा दिया जिसमें आठ जवान और वाहन चालक शहीद हो गए। यह घटना बस्तर डिविज़न के कुटरू थाना के अंबेली के पास हुई। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस घटना में एक जवान लापता है।

********************

राजस्व संग्रहण के मामले में धनबाद रेल मंडल ने एक बार फिर पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने आज मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माल ढुलाई में धनबाद को दूसरा स्थान हासिल हुआ है। श्री सिन्हा ने यह भी बताया कि महाकुंभ के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए बरकाकाना– टोरी– लातेहार– बरवाडीह– डाल्टनगंज– गढ़वा रोड के रास्ते कई कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जाएंगी।

********************

गढ़वा दक्षिणी वन क्षेत्र के रमकंडा और भंडरिया के जंगलों में एक बाघ के चहलकदमी के कारण वन विभाग ने स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बाघ द्वारा अब तक नौ मवेशियों का शिकार किया जा चुका है। पीटीआर से सटे गढ़वा के दक्षिणी वन क्षेत्र में बाघ की उपस्थिति के बाद पीटीआर और वन विभाग के अधिकारी उसे ट्रैक करने के काम में जुटे हैं।

********************

सरायकेला खरसावां जिले में नशा के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

********************

हरियाणा में आयोजित ऑल इंडिया स्ट्रेंथलिफ्टिंग नेशनल गेम्स के 68 किलोग्राम भारवर्ग में जमशेदपुर निवासी नील अमृत त्रिपाठी ने चार नेशनल रिकार्ड बनाते हुए दो स्वर्ण पदक जीता। दो सौ बासठ किलो पांच सौ ग्राम वजन उठाकर नील अमृत ने बेस्ट लिफ्टर ऑफ इंडिया का खिताब हासिल किया। जमशेदपुर की स्नेहा कुमारी ने भी इस प्रतियोगिता के 52 किलोग्राम भार वर्ग में एक स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर भारतीय इंटरनेशनल स्ट्रेंथलिफ्टिंग टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। अपने प्रदर्शन से दोनों खिलाड़ी बेहद खुश हैं।

********************

रांची में आयोजित 68वीं एसजीएफआई की राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आज झारखंड ने बालक वर्ग में 400 मीटर दौड़ और बालिका वर्ग में लांग जंप स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया है। झारखंड की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों ने राज्य के एथलिटों को बधाई दी है।

********समाप्त************